इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 21] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 25 मई 2012—ज्येष्ठ 4, शक 1934

भाग ४

विषय-सूची

(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुर:स्थापित विधेयक.
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद के अधिनियम.
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अन्तिम नियम.

भाग ४ (क)—कुछ नहीं

भाग ४ (ख)—कुछ नहीं

भाग ४ (ग)

अन्तिम नियम

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 27 अप्रैल 2012

क्र. एफ 1-16-2002-तेईस-आसां.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश राज्य योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी (राजपत्रित) सेवा के सदस्यों की भर्ती तथा सेवा शर्तों से संबंधित निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश राज्य योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2012 है.

(2) ये मध्यप्रदेश राजपत्र में प्रकाशन होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषाएं.**—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) सेवा या पद के संबंध में ''नियुक्ति प्राधिकारी'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश सरकार;

(ख) ''आयोग'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग;

(ग) ''समिति'' से अभिप्रेत है, चयन समिति/विभागीय पदोन्नति समिति;

(घ) ''परीक्षा'' से अभिप्रेत है, इन नियमों के नियम 11 के अधीन इस सेवा में भर्ती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा;

(ङ) ''सरकार'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश सरकार;

(च) ''राज्यपाल'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश के राज्यपाल;

(छ) ''अन्य पिछड़ा वर्ग'' से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ-8-5 पच्चीस-4-84, दिनांक 26 दिसम्बर 1984 द्वारा यथाविनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(ज) ''अनुसूची'' से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(झ) ''अनुसूचित जाति'' से अभिप्रेत है, कोई जाति, मूलवंश या जनजाति अथवा जाति, मूलवंश या जनजाति का भाग या उसमें का यूथ, जिसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है;

(ञ) ''अनुसूचित जनजाति'' से अभिप्रेत है, कोई जनजाति या जनजाति समुदाय अथवा ऐसी जनजाति या जनजाति समुदाय का भाग या उसमें का यूथ, जिसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है;

(ट) ''सेवा'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश राज्य योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी (राजपत्रित) सेवा;

(ठ) ''राज्य'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश राज्य.

3. **विस्तार तथा लागू होना.**—मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अन्तर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम अनुसूची-एक में यथा उल्लिखित सेवा के प्रत्येक सदस्य को लागू होंगे.

4. **सेवा का गठन.**—सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे; अर्थात् :—

(एक) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के समय अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूलरूप से या स्थानापन्न रूप में धारण कर रहे हों;

(दो) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गए हों; और

(तीन) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गए हों.

5. **वर्गीकरण, वेतनमान आदि.**—(1) सेवा का वर्गीकरण, उससे संलग्न वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या, अनुसूची-एक में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होगी :

परन्तु सरकार, समय-समय पर, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में या तो स्थायी या अस्थायी आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगी.

(2) सेवा के सदस्य, वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक एफ 11/1/2008/नियम/4, दिनांक 24-1-2008 के प्रावधानों के अधीन समयमान वेतनमान का लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे.

6. **भर्ती का तरीका.**—(1) इन नियमों के प्रारम्भ होने के पश्चात्, सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात् :—

(क) सीधी भर्ती द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा या साक्षात्कार द्वारा या दोनों द्वारा;

(ख) अनुसूची-चार के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा;

(ग) उन व्यक्तियों के स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को मूल/स्थानापन्न हैसियत में धारण करते हैं जैसा कि सरकार द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाए.

(2) उपनियम (1) के खण्ड (ख) या (ग) के अधीन भर्ती किये गए व्यक्तियों की संख्या, किसी भी समय, अनुसूची-एक में यथाविनिर्दिष्ट पदों की संख्या के अनुसूची-दो में दर्शाए गए प्रतिशत से अधिक नहीं होगी.

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या किन्हीं रिक्तियों को भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा, आयोग के परामर्श से, अवधारित की जाएगी.

(4) उपनियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि सरकार की राय में, सेवा की आवश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना आवश्यक हो, तो सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग तथा आयोग की पूर्व सहमति से, उक्त उपनियम में विनिर्दिष्ट सेवा में भर्ती के तरीकों से भिन्न ऐसे अन्य तरीके अपना सकेगी, जो वह इस निमित्त जारी किये गये आदेश द्वारा विहित करे.

7. **सेवा में नियुक्ति.**—इन नियमों के प्रारम्भ होने के पश्चात्, सेवा में समस्त नियुक्तियां, सरकार द्वारा की जाएंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं.

8. **सीधी भर्ती के लिए पात्रता की शर्तें.**—चयन/परीक्षा के लिये पात्र होने हेतु अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होंगी, अर्थात् :—

(1) आयु—

(क) उसने परीक्षा/चयन प्रारम्भ होने की तारीख के ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिन को अनुसूची-तीन के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो, किन्तु उक्त अनुसूची के कॉलम (5) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो;

(ख) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ग) मध्यप्रदेश शासन सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो मध्यप्रदेश सरकार के कर्मचारी हैं या कर्मचारी रह चुके हैं, उच्चतम आयु सीमा नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तक तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए शिथिलनीय होगी :—

(एक) ऐसा अभ्यर्थी जो स्थायी सरकारी सेवक हो, 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए;

(दो) ऐसा अभ्यर्थी जो अस्थायी रूप से पद धारण कर रहा हो तथा किसी दूसरे पद के लिए आवेदन कर रहा हो, 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए. यह रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना कार्यान्वयन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी;

(तीन) ऐसे अभ्यर्थी को, जो छंटनी किया गया सरकारी सेवक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिकतम 7 वर्ष की सीमा तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिकबार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण.—पद ''छंटनी किया गया सरकारी सेवक'' से द्योतक है ऐसा व्यक्ति, जो इस राज्य की या किन्हीं संघटक इकाई की अस्थायी सरकारी सेवा में कम से कम छह माह की कालावधि तक निरंतर रहा था और जिसे रोजगार कार्यालय में अपना रजिस्ट्रीकरण कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किए जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया था.

(ङ) (एक) ऐसे अभ्यर्थी को, जो भूतपूर्व सैनिक है, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण.—पद ''भूतपूर्व सैनिक'' से द्योतक है ऐसा व्यक्ति, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छह माह की निरंतर कालावधि तक नियोजित रहा था तथा जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना रजिस्ट्रीकरण कराने अथवा सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप अथवा स्थापना में सामान्य रूप से कमी किए जाने के कारण छंटनी की गई थी अथवा जो अधिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया था :—

(1) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिसे सेवानिवृत्ति रियायतों (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें दूसरी बार नामांकित किया गया हो, और—

(क) अल्पकालीन वचनबंध अवधि पूर्ण हो जाने पर,

(ख) नामांकन संबंधी शर्तें पूर्ण कर लेने पर,

सेवोन्मुक्त किया गया हो.

(3) मद्रास सिविल इकाई (यूनिट) के ऐसे भूतपूर्व सैनिक;

(4) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक), जिनमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी शामिल हैं उनकी संविदा पूरी होने पर सेवोन्मुक्त किये गये हों;

(5) ऐसे अधिकारी, जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छह मास से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें नि:शक्त होने के कारण सेवा से अलग कर दिया गया हो;

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं हैं;

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने के परिणामस्वरूप घाव हो जाने आदि के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया हो.

(दो) नेशनल कैडेट कोर में 1-1-1963 और उसके बाद पूर्णकालिक कैडेट/इन्स्ट्रक्टर के रूप में भर्ती किए गए व्यक्ति, नेशनल कैडेट कोर से निर्मुक्त होने पर उनकी मूल/बढ़ी हुई अवधि की समाप्ति पर, राज्य सरकार के अधीन सिविल पदों में नियोजन के प्रयोजन के लिये छंटनी किए गए सरकारी कर्मचारी माने जाएंगे और उनकी वास्तविक आयु में से उनके द्वारा नेशनल कैडेट कोर में दी गई सेवाओं की कालावधि की कटौती अनुज्ञात की जाएगी और यदि परिणामिक आयु, विशिष्ट पद की विहित आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होती है तो वे उस पद की नियुक्ति की अधिकतम आयु की शर्तों को पूरा करते हुए माने जाएंगे बशर्ते कि वे सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक 1134-सी.आर.-88-1-(तीन)(66), दिनांक 27-5-1996 में अन्तर्विष्ट अनुदेशों के अनुसार आवश्यक प्रमाण-पत्र रखते हों.

(च) विधवा, निराश्रित तथा तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के संबंध में सामान्य उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(छ) उन अभ्यर्थी के संबंध में जो परिवार कल्याण कार्यक्रम के अधीन ग्रीनकार्ड धारक हैं, उच्चतर आयु सीमा 2 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ज) आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन किसी दम्पत्ति के पुरस्कृत सवर्ण पति/पत्नी के मामले में उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(झ) विक्रम पुरस्कार धारक के मामले में उच्चतर आयु सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ञ) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में, जो मध्यप्रदेश राज्य निगम/मंडल के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा 40 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ट) नगर सेना (होमगार्ड्स) के स्वयंसेवी नगर सैनिकों एवं नॉन कमीशन्ड अधिकारियों के मामले में उनके द्वारा की गई नगर सेना सेवा की कालावधि के लिये उच्चतर आयु सीमा, 3 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिलनीय होगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

(ठ) निराश्रित अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर, जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार शिथिलनीय होगी.

टिप्पण.—(1) ऐसी अभ्यर्थी जिन्हें उपर्युक्त नियम 8(1)(घ) तथा (दो) में उल्लिखित रियायतों के अधीन परीक्षा/चयन के लिए सम्मिलित किया गया हो, यदि आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् परीक्षा/चयन के पहले अथवा उसके बाद सेवा से त्याग-पत्र देते हैं तो नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे. तथापि, यदि आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् उनकी सेवा अथवा पद से छंटनी की जाती है तो वे पात्र बने रहेंगे. किसी अन्य मामले में आयु सीमा शिथिल नहीं की जाएगी.

टिप्पण.—(2) विभागीय अभ्यर्थी को परीक्षा/चयन में सम्मिलित/उपस्थित होने के लिए उनके नियुक्ति प्राधिकारी से पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करनी होगी.

(2) **शैक्षणिक अर्हताएं**—अभ्यर्थी के पास, अनुसूची-तीन में विनिर्दिष्ट सेवा के लिए विहित शैक्षणिक अर्हता होनी चाहिए :

परन्तु—

(क) आयोग आपवादिक मामलों में, सरकार के परामर्श से, किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगा, जो यद्यपि इन नियमों में विहित अर्हताओं में से कोई अर्हता न रखता हो किन्तु जिसने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित परीक्षाएं ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हों जो आयोग की राय में अभ्यर्थी को परीक्षा/चयन के लिए पात्र ठहराता हो; और

(ख) ऐसे अभ्यर्थी, जो अन्यथा अर्ह हैं, किन्तु जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से उपाधि प्राप्त की हो जो ऐसे विश्वविद्यालय हैं जिन्हें सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से मान्यता नहीं

दी है, आयोग के विवेकानुसार परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिए विचार किया जा सकेगा.

(3) **फीस.**—अभ्यर्थी को प्राधिकारी/आयोग द्वारा विहित की गई फीस का भुगतान करना होगा.

9. **निरर्हता**—(1) किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्हीं भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के लिये किसी भी प्रयास को, आयोग द्वारा परीक्षा/चयन में उसके उपस्थित होने के लिए निरर्हता माना जा सकेगा.

(2) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 5 के उपबंधों के अनुसार कोई भी अभ्यर्थी जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा.

(3) कोई अभ्यर्थी, जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हों, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा :

परन्तु कोई भी अभ्यर्थी, जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म हुआ है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा.

(4) कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा :

परन्तु जहां किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों, तो उसकी नियुक्ति अपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखी जाएगी.

(5) (एक) कोई भी सरकारी कर्मचारी जिसकी एक पत्नी जीवित हो, सरकार की अनुमति के बिना पुनर्विवाह नहीं करेगा, चाहे पश्चात्वर्ती विवाह उसकी व्यक्तिगत विधि में अनुज्ञेय हो.

(दो) सरकारी सेवा की कोई भी महिला कर्मचारी, सरकार की अनुमति के बिना किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह नहीं करेगी जिसकी पत्नी जीवित हो.

10. **अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा.**—परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की पात्रता या अपात्रता के संबंध में आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा और किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को, जिसे आयोग द्वारा प्रवेश प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया है, आयोग द्वारा परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिये अनुज्ञात नहीं किया जाएगा.

11. **प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से सीधी भर्ती.**—(1) द्वितीय श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा तथा साक्षात्कार ऐसे अन्तरालों से ली जाएगी, जैसा कि सरकार आयोग के परामर्श से, समय-समय पर, अवधारित करे.

(2) आयोग द्वारा परीक्षा ऐसे आदेशों के अनुसार संचालित की जाएगी, जो कि सरकार, आयोग के परामर्श से, समय-समय पर, जारी करे.

(3) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) में अन्तर्विष्ट उपबंधों के अनुसार और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार सीधी भर्ती के प्रक्रम पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे.

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्त पदों को भरते समय उन अभ्यर्थियों की, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं, नियुक्ति पर विचार उसी क्रम में किया जाएगा, जिस क्रम में उनके नाम, नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आए हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक स्थान (रैंक) कुछ भी क्यों न हो.

(5) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित अभ्यर्थियों को, जिन्हें समिति द्वारा प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किया जाए, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा.

(6) सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुसार नि: शक्त अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे.

(7) सामान्य प्रशासन विभाग के निदेशों के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे.

(8) ऐसे मामलों में, जहां सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए कुछ कालावधि का अनुभव एक आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और नियुक्ति प्राधिकारी/आयोग की राय में यह पाया जाए कि आरक्षित पदों पर भर्ती के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे वहां नियुक्ति प्राधिकारी/आयोग सरकार से परामर्श के पश्चात्, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये अनुभव की ऐसी शर्तों को शिथिल कर सकेगा.

(9) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे.

(10) यदि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थी उनके लिये आरक्षित समस्त रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हों सकें. तो शेष रिक्तियां किसी अन्य प्रवर्ग से सरकार की पूर्व अनुज्ञा के बिना नहीं भरी जाएंगी और रिक्तियां अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आगामी चयन के लिए आरक्षित रखी जाएगी.

12. **आयोग द्वारा सिफारिश किए गए अभ्यर्थियों की सूची.**—(1) आयोग, उन अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में एक सूची जो ऐसे स्तर से अर्ह हों जैसा कि आयोग अवधारित करे तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की सूची जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं हैं किन्तु जिन्हें प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का समुचित ध्यान रखते हुये आयोग द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किया गया है, योग्यता के क्रम में तैयार करेगा और नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा. यह सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भी प्रकाशित की जाएगी.

(2) इन नियमों तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये, उसी क्रम में विचार किया जाएगा, जिसमें कि उनके नाम सूची में आए हों.

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होता जब तक कि सरकार का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान नहीं हो जाए कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है.

(4) आयोग द्वारा चयन सूची जारी किए जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के दौरान विधिमान्य रहेगी जो आयोग की सहमति से छह माह की कालावधि के लिए बढ़ाई जाएगी.

13. **परिवीक्षा**—सेवा में सीधी भर्ती किए गए प्रत्येक व्यक्ति, को दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा.

14. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.**—(1) पदोन्नति के लिए पात्र अभ्यर्थियों का चयन करने हेतु एक समिति गठित की जाएगी जिसमें अनुसूची-चार में उल्लिखित सदस्य होंगे :

परन्तु यदि पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के संबंध में विभागीय पदोन्नति समिति की अध्यक्षता करने वाले सदस्य को छोड़कर, नामनिर्देशित किए गए सदस्यों में से कोई सदस्य अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, तो उसी प्रास्थिति का अनुसूचित जातियों, अनुसूचितत जनजाति प्रवर्ग का एक सदस्य पदोन्नति समिति में सम्मिलित किया जाएगा और पदोन्नति समिति के सदस्यों की संख्या उस सीमा तक बढ़ाई जाएगी.

(2) अनुसूची-चार के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए उसके कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट पदों पर पदोन्नति हेतु अभ्यर्थी की पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा पदोन्नति द्वारा नियुक्ति मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 तथा मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 में यथाविनिर्दिष्ट उपबंधों के अनुसार होगी.

(3) **नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रमाणन.**—नियुक्ति प्राधिकारी, उसके द्वारा जारी किए जाने वाले पदोन्नति आदेश पर इस आशय का पृष्ठांकन करेगा कि उसने मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) तथा मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 के उपबंधों और राज्य सरकार द्वारा उक्त अधिनियम के एवं नियमों के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए जारी किये गये अनुदेशों तथा बनाए गए नियमों का अनुपालन किया है और उसे उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) के उपबंधों का पूर्ण संज्ञान है.

(4) विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक साधारणतया वर्ष में कम से कम एक बार होगी.

15. **पदोन्नति के लिए पात्रता संबंधी शर्तें.**—(1) उप नियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, समिति, उन व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिसने उस वर्ष की पहली जनवरी को, उस पद पर, जिससे की पदोन्नति की जानी है या जिन्हें सरकार द्वारा उसके समतुल्य घोषित किए गए किसी अन्य पद या पदों पर, उतने वर्षों की सेवा (चाहे स्थानापन्न रूप में या मूल रूप में) पूर्ण कर ली हो, जैसा कि अनुसूची-चार के कॉलम (5) में विनिर्दिष्ट है और जो उपनियम (2) के उपबंधों के अनुसरण में विचारण क्षेत्र में हो.

स्पष्टीकरण—(1) **पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति.**—सुसंगत वर्ष की जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति आहूत की जाती है, एक जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना, उस कलैण्डर वर्ष से की जाएगी, जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया है और संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से गणना नहीं की जाएगी.

(2) पदोन्नति के लिए विचारण क्षेत्र हेतु मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 के उपबंध लागू होंगे.

16. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना.**—(1) समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो नियम 15 में विहित शर्तों को पूरा करते हों, और जो समिति द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 के उपबंधों के अनुसार सेवा में पदोन्नति के लिए उपयुक्त समझे गए हों. यह सूची, चयन

सूची तैयार करने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली अनवेक्षित रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त होगी. उक्त कालावधि के दौरान उद्‌भूत होने वाली अनवेक्षित रिक्तियों की पूर्ति के लिए एक आरक्षित सूची भी तैयार की जाएगी, जिसमें उक्त सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या के 25 प्रतिशत व्यक्तियों के नाम सम्मिलित होंगे.

(2) चयन सूची तैयार करने के लिए मानदण्ड मध्यप्रदेश लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2002 के अनुसार होगा.

(3) प्रत्येक चयन सूची तैयार करते समय, चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों के नाम अनुसूची-चार के कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट सेवा या पदों में ज्येष्ठता के मानदण्ड के क्रम में रखे जाएंगे.

स्पष्टीकरण.—कोई व्यक्ति, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया हो किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नहीं किया गया हो, केवल उसके पूर्वतर चयन के आधार पर उन व्यक्तियों पर, जिन पर पश्चात्‌वर्ती चयन में विचार किया गया था, ज्येष्ठता का कोई दावा नहीं करेगा.

(4) इस प्रकार तैयार की गई सूची का प्रत्येक वर्ष पुनरीक्षण तथा पुनर्विलोकन किया जाएगा.

(5) यदि चयन, पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण की प्रक्रिया में यह प्रस्तावित हो कि सेवा के किसी सदस्य का अधिक्रमण किया जाए तो समिति प्रस्तावित अधिक्रमण के संबंध में अपने कारणों को लेखबद्ध करेगी.

17. **आयोग से परामर्श.**—विभागीय पदोन्नति समिति जिसकी अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष या सदस्य द्वारा की जाए, की सिफारिश के संबंध में यह समझा जाएगा कि वह संविधान के अनुच्छेद 320 के खण्ड (3) के उपखण्ड (ख) के अधीन आयोग से परामर्श की अपेक्षा के अनुपालन में की गई है तथा आयोग से पृथक् से परामर्श आवश्यक नहीं होगा.

18. **चयन सूची.**—(1) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची, अनुसूची-चार के कॉलम (3) में दर्शाए गए पदों से अनुसूची-चार के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट किए गए पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए चयन सूची होगी.

(2) चयन सूची जब तक कि नियम 16 के उपनियम (4) के अनुसार उसका पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण नहीं किया जाए, साधारणत: एक वर्ष की कालावधि के लिए प्रवृत्त रहेगी, किन्तु उसकी विधिमान्यता उसके तैयार किए जाने की तारीख से 18 माह की कुल अवधि से अधिक नहीं बढ़ाई जाएगी :

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्तव्यों के निर्वहन में कोई गंभीर चूक होने की दशा में, नियुक्ति प्राधिकारी की प्रेरणा पर चयन सूची का विशेष पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और समिति, यदि वह उचित समझे ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगी.

19. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.**—(1) चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की सेवा के संवर्ग (काडर) के पदों पर नियुक्ति उसी क्रम से की जाएगी, जिस क्रम में ऐसे व्यक्तियों के नाम चयन सूची में आए हों.

(2) साधारणत: उस व्यक्ति की जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित है, सेवा में नियुक्ति के पूर्व आयोग से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किए जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि के दौरान उसके कार्य में ऐसी गिरावट न आ गई हो, जो सरकार की राय में ऐसी हो जिससे वह सेवा में नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त हो गया हो.

20. **परीक्षण.**—सेवा में पदोन्नत किया गया प्रत्येक व्यक्ति दो वर्ष की कालावधि के लिये परीक्षण पर नियुक्त किया जाएगा.

21. **निर्वचन.**—यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्‌भूत होता है तो वह सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा.

22. **शिथिलीकरण.**—इन नियमों में की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिसे ये नियम लागू होते हैं राज्यपाल की, ऐसी रीति में, जो उसे न्यायसंगत तथा साम्यपूर्ण प्रतीत होती हो, कार्यवाही करने की शक्ति को सीमित या कम करती है :

परन्तु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा, जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उस व्यक्ति के लिए कम अनुकूल हो.

23. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों में की कोई भी बात राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर, जारी किए गए निदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए, उपबंध किए जाने हेतु अपेक्षित आरक्षण, शिथिलीकरण तथा अन्य शर्तों को प्रभावित नहीं करेगी.

24. **निरसन.**—इन नियमों के तत्स्थानी तथा इन नियमों के प्रारम्भ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम, हों, इन यिनमों के अन्तर्गत आने वाले मामलों के संबंध में, एतद्‌द्वारा, निरसित किए जाते हैं :

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किए गए किसी भी आदेश या की गई किसी कार्रवाई के संबंध में, यह समझा जाएगा कि वह इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया है या की गई है.

अनुसूची-एक

(नियम 5 देखिए)

सेवा का वर्गीकरण, वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या

अनु-क्रमांक (1)	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम (2)	पदों की कुल संख्या (3)	वर्गीकरण (4)	वेतनमान (5)
1	अपर संचालक	1	मध्यप्रदेश राज्य योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी सेवा (राजपत्रित प्रथम श्रेणी)	PB-4-Rs. 37400-67000+Rs. 8700 G.P.
2	संयुक्त संचालक	11	—तदैव—	PB-3-Rs. 15600-39100+Rs. 7600 G.P.
3	उपसंचालक/जिला योजना अधिकारी	45	—तदैव—	PB-3-Rs. 15600-39100+Rs. 6600 G.P.
4	चीफ प्रोग्रामर	1	—तदैव—	PB-3-Rs. 15600-39100+Rs. 6600 G.P.
5	सहायक संचालक/जिला सांख्यिकी अधिकारी.	68	मध्यप्रदेश राज्य योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी सेवा (राजपत्रित द्वितीय श्रेणी)	PB-3-Rs. 15600-39100+Rs. 5400 G.P.
6	प्रोग्रामर (सीधी भर्ती का पद)	2	—तदैव—	PB-3-Rs. 15600-39100+Rs. 5400 G.P.
	प्रोग्रामर (पदोन्नति का पद)	2	—तदैव—	PB-2-Rs. 9300-34800+Rs. 4200 G.P.
7	सहायक संचालक (प्रशासन)	1	—तदैव—	PB-2-Rs. 9300-34800+Rs. 4200 G.P.
8	वरिष्ठ निज सहायक	1	—तदैव—	PB-2-Rs. 9300-34800+Rs. 4200 G.P.

अनुसूची-दो

(नियम 6 देखिए)

भर्ती का तरीका

विभाग का नाम (1)	अनुक्रमांक (2)	पद का नाम (3)	पदों की कुल संख्या (4)	भरे जाने वाले पदों की संख्या की प्रतिशतता		
				सीधी भरती द्वारा [नियम 6(1)क देखिये] (5)	सेवा के मूल सदस्यों को पदोन्नति द्वारा अन्य सेवाओं से प्रतिनियुक्ति द्वारा [नियम 6(1)ख देखिये] (6)	अन्य सेवाओं से व्यक्तियों के अस्थाई स्थानांतरण/ प्रतिनियुक्ति संविलियन द्वारा [नियम 6(1)(ग) देखिये] (7)
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग.	1	अपर संचालक	1	–	100%	भारतीय आर्थिक सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भी भरा जा सकेगा.
	2	संयुक्त संचालक	11	–	100%	–
	3	उप संचालक/जिला योजना अधिकारी.	45	–	100%	–
	4	चीफ प्रोग्रामर	1	–	100%	–
	5	सहायक संचालक/ जिला सांख्यिकी अधिकारी.	68	25%	75%	–
	6	प्रोग्रामर	4	50%	50%	–
	7	सहायक संचालक (प्रशासन).	1	–	100%	–
	8	वरिष्ठ निज सहायक	1	–	100%	–

अनुसूची-तीन
(नियम 8 देखिए)

विभाग का नाम (1)	अनुक्रमांक (2)	पद का नाम (3)	न्यूनतम आयु सीमा (4)	अधिकतम आयु सीमा (5)	विहित शैक्षणिक अर्हताएं (6)	अभ्युक्तियां (7)
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग.	1	सहायक संचालक/ जिला सांख्यिकी अधिकारी.	25 वर्ष	35 वर्ष	(1) किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र-सांख्यिकी, वाणिज्य या कृषि अर्थशास्त्र/सांख्यिकी में से किसी एक विषय में द्वितीय श्रेणी में कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि. (2) क्षेत्रीय नियोजन एवं आर्थिक विकास में स्नातकोत्तर उपाधि धारिकों को अधिमानता दी जाएगी.	
	2	प्रोग्रामर	25 वर्ष	35 वर्ष	(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान, सांख्यिकी संक्रिया अनुसंधान या कम्प्यूटर एप्लीकेशन में से किसी एक विषय में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा किसी मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग महाविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान में कम से कम द्वितीय श्रेणी में बी.ई./बी.टेक में उपाधि. (2) इलेक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग कार्य में चार वर्ष के अनुभव के साथ कम्प्यूटर प्रचालन के अनुभव के साथ इलेक्ट्रानिक कम्प्यूटर में प्रचलित भाषाओं में कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग का एक वर्ष का वास्तविक अनुभव.	

अनुसूची-चार
(नियम 14 देखिए)

विभाग का नाम (1)	अनुक्रमांक (2)	उस पद का नाम जिससे पदोन्नति की जाना है (3)	पदोन्नति हेतु सेवा की न्यूनतम कालावधि (4)	उस पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जाना है (5)	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्यों के नाम (6)
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग.	1	संयुक्त संचालक	5 वर्ष	अपर संचालक	1. **अध्यक्ष**, लोक सेवा आयोग/या अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्य—**पीठासीन अधिकारी.**
	2	उप संचालक/जिला योजना अधिकारी.	5 वर्ष	संयुक्त संचालक	2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी—**सदस्य** 3. आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी—**सदस्य** 4. उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग—**सदस्य सचिव** 5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का कोई नामनिर्दिष्ट समकक्षीय अधिकारी—**सदस्य**
	3	सहायक संचालक/ जिला सांख्यिकी अधिकारी	5 वर्ष	उप संचालक/ जिला योजना अधिकारी	—तदैव—
	4	प्रोग्रामर	5 वर्ष	चीफ प्रोग्रामर	—तदैव—
	5	सहायक सांख्यिकी अधिकारी	5 वर्ष	सहायक संचालक/ जिला सांख्यिकी अधिकारी	—तदैव—
	6	सहायक प्रोग्रामर	5 वर्ष	प्रोग्रामर	—तदैव—
	7	अधीक्षक	5 वर्ष	सहायक संचालक (प्रशासन)	—तदैव—
	8	निज सहायक	5 वर्ष	वरिष्ठ निज सहायक	—तदैव—

No. F-1-16-2002-XXIII-E.S..—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Madhya Pradesh, hereby, makes the following rules relating to the recruitment and service condition of the members of the Madhya Pradesh State Planning, Economics and Statistical Service (Gazetted), namely :—

RULES

1. **Short title and commencement .**—(1) These rules may be called the Madhya Pradesh State Planning, Economics and Statistical (Gazetted) Service Recruitment Rules, 2012.

(2) They shall come into force from the date of publication in the Madhya Pradesh Gazette.

2. **Definitions.**—In these Rules, unless the context otherwise requires :

(a) "Appointing Authority" in respect of the service or a post means the Government of Madhya Pradesh.

(b) "Commission" means the Madhya Pradesh Public Service Commission;

(c) "Committee" means the Selection Committee/ Departmental Promotion Committee;

(d) "Examination" means a competitive examination for recruitment to this service held under rule-11 of these rules;

(e) "Government" means the Government of Madhya Pradesh;

(f) "Governor" means the Governor of Madhya Pradesh;

(g) "Other Backward Classes" means the Other Backward Classes of citizens, as specified by the State Government *vide* Notification No. F-8-5-XXV-4-84, dated 26th December 1984 as amended from time to time;

(h) "Schedule" means the Schedule appended to these rules;

(k) "Service" means the Madhya Pradesh, State Economics and Statistical (Gazetted) service;

(l) "State" means the State of Madhya Pradesh.

3. **Scope and Application.**—Without prejudice to the generality of the provisions contained in the Madhya Pradesh Civil Services (General Conditions of Service) Rules, 1961, these rules shall apply to every member of the Service as mentioned in Schedule I.

4. **Constitution of Service.**—The Service shall consist of the following persons, namely :—

(1) Persons, who at the time of commencement of these rules are holding substantively or in the officiating capacity the posts specified in Schedule-I;

(2) Persons recruited to the Service before the commencement of these rules; and

(3) Persons, recruited to the Service in accordance with the provisions of these rules.

5. **Classification Scale of Pay, etc.**—(1) The classification of the Service, the scale of pay attached thereto, and the number of posts included in the service, shall be in accordance with the provisions contained in Schedule-I :

Provided that Government may, from time to time, add to or reduce the number of posts included in the service, either in a permanent or temporary basis.

(2) Member of the service will be eligible for the benefits of time scale under the provision of the circular issued by the Finance Department Circular No. F.11-1-2008-Niyam-4, dated 24-1-2008.

